इस प्रश्न-पत्र में 2 जॉब तथा 3 मुद्रित पृष्ठ हैं।

कोड नं० 53/VOC/O

सेट A

आशुलिपि हिन्दी

(व्यावहारिक)

(324/424)

समय : 1½ घण्टे] [अधिकतम अंक : 70

परीक्षकों के लिए निर्देश :

(i) इस प्रश्न-पत्र में **दो** जॉब (कार्य) हैं। एक 400 शब्दों का उद्धरण (श्रुतलेख) तथा एक पत्र।

(ii) जॉब-I (श्रुतलेखन) 400 शब्दों का है जिसे 5 मिनट में 80 शब्द प्रति मिनट की गति से बोलना है (40 अंक का है)। ट्रांसक्रिप्शन का समय 40 मिनट है। 5 मिनट का समय डिक्टेशन पढ़ने तथा 10 मिनट मशीन पर कागज़ चढ़ाने, मशीन सेट करने के लिए दिया जाएगा। ट्रांसक्रिप्शन मशीन पर करना है; हाथ से भाषा-लिपि (लांगहैण्ड स्क्रिप्ट) में डिक्टेशन लिखने अथवा ट्रांसक्रिप्शन करने पर पेपर रद्द कर दिया जाएगा। ट्रांसक्रिप्शन के साथ आशुलेखन (डिक्टेशन) के पन्ने नत्थी करने जरूरी हैं।

(iii) जॉब-II (पत्र-लेखन) 30 अंक का है। डिक्टेशन 3 मिनट में 60 शब्द प्रति मिनट की गति से 'अंकित भाग' दिया जाना है और नाम, पता आदि कम गति पर लिखाएँ। ट्रांसक्रिप्शन का समय 20 मिनट है।

(iv) मूल डिक्टेशन आरम्भ करने से पहले 1 मिनट का डिक्टेशन अभ्यास के लिए एक या दो बार दिया जाए। दोनों मूल जॉबों (डिक्टेशनों) के बीच में 2 मिनट का अन्तराल दिया जाए।

(v) गति नियंत्रण के लिए परीक्षकों की सुविधा के लिए हर 20 शब्दों के बाद तिर्यक् रेखाएँ (/) खींची गई हैं और हर मिनट के बाद 1, 2, 3, 4, 5 अंक दिए गए हैं।

(vi) विराम चिह्नों जैसे कौमा, पूर्ण विराम, प्रश्नवाचक चिह्न, इनवर्टेड कौमा, पैराग्राफ आदि डिक्टेशन में न बोले जाएँ। इनका संकेत समय के अन्तराल या उच्चारण परिवर्तन से देना चाहिए।

(vii) प्रश्न-पत्र परीक्षार्थी को नहीं दिया जाएगा।

जॉब–I

डिक्टेशन का समय : 5 मिनट] [अंक : 40

ट्रांसक्रिप्शन समय : 40 मिनट

(श्रुतलेखन)

(गति : 80 शब्द प्रति मिनट)

माननीय सभापति जी, मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि माननीय सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव पर अपने विचार बड़ी भावना / के साथ और अपने दिल की गहराई के साथ प्रकट किए हैं। आज हमारे देश की एकता को खतरा पैदा // हो गया है। देश में ऐसी शक्तियाँ पैदा हो रही हैं जो देश को टुकड़ों में बाँट रही हैं। इस प्रकार /// की शक्तियों का सामना किस प्रकार से किया जाए, इस पर हमारे विरोधी दल के सदस्यों को विचार करना चाहिए। (1) परंतु देखने में यह आता है कि विरोधी दल देश की मूल समस्याओं से मुँह मोड़ कर दूसरी साधारण बातों / की ओर ध्यान देने लगता है। मैं विरोधी दल के सदस्यों से निवेदन करना चाहता हूँ कि ऐसे अवसर पर // जब हम विचार करना चाहते हैं तो हमें यह भी देखना चाहिए कि जिनके लिए हमारे देश में क्षेत्रीय प्रश्नों को लेकर /// भाषा के प्रश्नों को लेकर हमारे नागरिक आपस में एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रहे हैं, ऐसे प्रश्नों पर विचार (2) करने के लिए हमें दलगत राजनीति से अलग होना चाहिए। ऐसी कोई बात नहीं कहनी चाहिए जिससे हमारे देश / की एकता को खतरा पैदा हो जाए। आज हम सीमाओं पर यह देख रहे हैं कि एक ओर तो उग्रवादियों // को बढ़ावा मिल रहा है और दूसरी ओर से चीन द्वारा हमारी सीमाओं पर विवाद खड़े किए जा रहे हैं।///

आज हम सब इस बात का अनुभव कर रहे हैं कि क्षेत्रीय भाषाओं और क्षेत्रीय नारों को देने वाले दल (3) बढ़ रहे हैं। इनका मुकाबला हमें राजनैतिक स्तर पर करना चाहिए। मैं एक और बात भी कहना चाहता / हूँ कि यह बात सही और उचित है कि हमारे देश के अंदर जो स्थिति पैदा हुई है, जो प्रश्न // खड़े हुए हैं, वे सारे प्रश्न ऐसे हैं जिनमें दो राय नहीं हो सकती हैं। आज हमारे देश के /// अंदर क्षेत्रीय असंतुलन है। कुछ ऐसे प्रदेश हैं, जनता के कुछ ऐसे वर्ग हैं जिनकी आर्थिक स्थिति पिछले कुछ सालों (4) के अंदर दूसरों के मुकाबले कमजोर हुई है और इसे लेकर आज उनमें असंतोष की भावना पैदा हो रही है। / आज ऐसे लोग हैं जिनका आर्थिक, सामाजिक तौर से इस देश के अंदर शोषण भी हो रहा है। वे यह // महसूस करते हैं कि उन का राजनैतिक शोषण भी हो रहा है। यही कारण है कि वे लोग गलत दिशा /// की ओर जा रहे हैं। हमें उन्हें सही दिशा में लाना है। इसके लिए सरकार को भी प्रयत्न करना चाहिए। (5)

जॉब–II

डिक्टेशन अवधि : 3 मिनट] [अंक : 30

ट्रांसक्रिप्शन समय : 20 मिनट

(पत्र-लेखन)

(गति : 60 शब्द प्रति मिनट)

सेवा में,

विक्रय प्रबंधक,
राघव ट्रेडिंग कंपनी,
नई दिल्ली

महोदय,

आपको हमारे द्वारा भेजी गई वस्तुओं की कीमतों और क्वालिटी में अंतर के विषय में दी गई सूचना के लिए धन्यवाद। इस असुविधा के लिए हमें खेद है। स्टॉक में कमी के कारण आप के द्वारा मांगी गई इन दो वस्तुओं की क्वालिटी में अंतर आया है। हम ने सोचा था कि आपके द्वारा मांगी गई वस्तुओं की क्वालिटी में अंतर के कारण आपको कोई फर्क नहीं पड़ेगा। इसलिए इन वस्तुओं को हमने आपको भेज दिया। यदि आप चाहते हैं कि आपके द्वारा भेजे गए आदेश की वस्तुएँ ही भेजी जाएँ तो हमारे द्वारा भेजी गई वस्तुएँ आप वापिस भेज दें। कीमतों के अंतर कर पैसा वस्तुएँ मिलने पर आपको भेज दिया जाएगा।

आप अपनी इच्छा को लिख भेजिए। हम आपकी इच्छा के अनुसार एडजेस्ट कर लेंगे। हमारी क्वालिटी बनाए रखने में आपके सहयोग के लिए हम अत्यंत आभारी हैं। हमें आप जैसे ग्राहकों की सहायता की ही आवश्यकता है।

भवदीय,

अनिल कुमार
प्रबंधक

राहुल एण्ड सन्स

★ ★ ★